दैनिक
न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्व की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, शनिवार 05 अक्टूबर 2019 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-02, अंक- 09

डोभाल ने किया गोवा समुद्री सम्मेलन का उद्घाटन

पणजी (आरएनएस)। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत कुमार डोभाल ने शुक्रवार को गोवा में गोवा समुद्री सम्मेलन-2019 का उद्घाटन किया। इस सम्मेलन का आयोजन नेवल वॉर कॉलेज कर रहा है। इस अवसर पर अजीत डोभाल ने कहा कि समुद्र, अंतरिक्ष और साइबर दुनिया ऐसे क्षेत्र है जहां अवसरो के साथ-साथ गंभी चुनौतियां भी है हमें आशा है कि इस सम्मेलन के दौरान चुनौतियों को अवसरों में बदलने के लिए विचार-विमर्श किया जाएगा। डोभाल ने नेवल वॉर कॉलेज जर्नल (31वां संस्करण) भी जारी किया।

सम्मेलन की थीम है- भारतीय समुद्री क्षेत्र में साझा समुद्री प्राथमिकताएं तथा क्षेत्रीय समुद्री रणनीति की आवश्यकता। सम्मेलन के तीन सत्रों में भारतीय समुद्री क्षेत्र की नौसेनाओं के क्षमता निर्माण पर विचार-विमर्श किया गया। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञों ने विभिन्न प्रमुख मुद्दों पर अपने विचार रखे।

पहले सत्र का विषय था- भारतीय समुद्री क्षेत्र में अवसर और चुनौतियां। इस सत्र में यूके नेवी के फस्ट सी लॉर्ड एडमिरल सर जॉर्ज जेम्बेलस (सेवानिवृत्त) और गोवा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वरूण साहनी ने अपने विचार रखे। इस सत्र का संचालन पूर्व नौसेना प्रमुख एडमिरल अरुण प्रकाश पीवीएसएम, एवीएसएम, वीआरसी, वीएसएम ने किया। दूसरे सत्र को श्रीलंका नौसेना के पूर्व कमांडर एडमिरल जयंत कोलम्बेज तथा अमेरिका में भारत के पूर्व राजदूत अरुण सिंह ने संबोधित किया। दूसरे सत्र का विषय था- भारतीय समुद्री सीमा में साझा एजेंडा बनाने के लिए आवश्यकता और प्राथमिकताएं। इस सत्र का संचालन पूर्व नौसेना प्रमुख एडमिरल सुनील लांबा ने किया। तीसरे सत्र का विषय था- भारतीय समुद्री क्षेत्र में क्षेत्रीय रणनीतियां। इस सत्र को भारत में इंडोनेशिया के राजदूत सिद्धार्थो आर. सूर्योदिपूरो और रूस में भारत के पूर्व राजदूत प्रभात शुक्ला ने संबोधित किया। इस संत्र का संचालन रियर एडमिरल सुदर्शन श्रीखंडे, एवीएसएम (सेवानिवृत्त) ने किया।

सम्मेलन के दौरान नौसेना प्रमुखों के बीच भी विभिन्न बैठकों का आयोजन किया गया। नौसेना प्रमुख एडमिरल कर्मबीर सिंह, पीवीएसएम, एवीएसएम, एडीसी ने सम्मेलन की मेजबानी की।

इजरायली स्पाइक मिसाइलों की भारतीय सेना के बेड़े में एंट्री

» बढ़ गई भारत की ताकत

नई दिल्ली (आरएनएस)। कश्मीर में आर्टिकल 370 समाप्त होने के बाद भारत-पाकिस्तान में बढ़े तनाव के मद्देनजर भारत तेजी से अपनी सेना की ताकत में इजाफा कर रहा है. इसी के तहत भारतीय सेना में इजराइल द्वारा निर्मित ऐंटी टैंक गाइडेड मिसाइल (एटीजीएम) स्पाइक को इंटीग्रेट किया जा रहा है. बता दें कि हाल ही में इजराइल से भारतीय सेना के लिए 400 स्पाइक मिसाइल्स का सौदा किया गया था. हालांकि सेना में ऐसे करीब 6000 मिसाइल्स की जरूरत है. गौरतलब है कि भारतीय डिफेंस रिसर्च ऐंड डिवेलपमेंट ऑर्गनाइजेशन (डीआरडीओ) ऐसी ही ऐंटी टैंक गाइडेड मिसाइल का विकास कर रहा है. इस प्रोग्राम के चलते भारत ने एक बार स्पाइस मिसाल्स का सौदा रद्द कर दिया था. लेकिन स्वदेशी ऐंटी टैंक गाइडेड मिलाइल के विकास में हो रही देरी के कारण स्पाइक सौदे को फिर से किया गया, हालांकि इसकी मात्रा सीमित रखी गई है.

वायु सेना ने दिखाई बालाकोट एयर स्ट्राइक की फिल्म

» तबाह किए थे आतंकी कैंप

नईदिल्ली (आरएनएस)। भारतीय वायु सेना ने आज बालाकोट एयरस्ट्राइक को लेकर एक फिल्म जारी की। इस फिल्म में आप एयर स्ट्राइक की तैयारियों व आतंकी कैंपों को भारतीय वायुसेना द्वारा तबाह किए जाने की तस्वीरें व शॉटस देख सकते हैं। वीडियो में दिखाया गया है कि बालाकोट में एयरस्ट्राइक के बाद पाकिस्तान ने अगले दिन (27 फरवरी) को भारतीय वायुक्षेत्र में घुसने की कोशिश की, लेकिन भारतीय वायुसेना के जवानों ने उन्हें खदेड़कर बाहर कर दिया।

एयरफोर्स डे है और इस अवसर पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन में नए एयर चीफ मार्शल राकेश कुमार सिंह भदौरिया ने कहा कि अगर भविष्य में उनकी (पाक की) तरफ से कोई आतंकी वारदात को अंजाम दिया जाता है तो फिर दोबारा उचित जवाब

दिया जाएगा। भदौरिया ने कहा कि एक साल में भारतीय वायु सेना ने कई बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं। इनमें 26 फरवरी को बालाकोट में आतंकियों के खिलाफ की गई एयरस्ट्राइक भी शामिल है। वायु सेना ने बेहद सफलतापूर्वक इस कार्रवाई को अंजाम दिया था और आतंकवादियों को भारी नुकसान पहुंचाया था। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान से आए जैश-ए-मोहम्मद के आतंकियों ने 14 फरवरी को पुलवामा में आतंकी हमला किया था, जिसमें सीआरपीएफ के 45 जवान शहीद हो गए थे।

'वर्ल्ड कॉटन डे' जेनेवा में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी स्मृति ईरानी

नईदिल्ली (आरएनएस)। कपड़ा मंत्री स्मृति ईरानी 'वर्ल्ड कॉटन डे' समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। यह समारोह 7-11 अक्टूबर, 2019 तक जेनेवा आयोजित होगा। संयुक्त राष्ट्र खाद्य व कृषि संगठन (एफएओ), संयुक्त राष्ट्र व्यापार व विकास सम्मेलन (यूएनसीटीएडी), अंतर्राष्ट्रीय व्यापार केन्द्र (आईटीसी) और अंतर्राष्ट्रीय कपास परामर्श समिति (आईसीएसी) के सहयोग से विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) वर्ल्डकॉटन डे का आयोजन कर रहा है। समापन सत्र में राष्ट्र प्रमुख और अंतर्राष्ट्रीय संगठन भाग लेंगे।

बेनिन, बुर्किना फासो, चाड और माली देशों के अनुरोध पर डब्ल्यूटीओ, 7 अक्टूबर को वर्ल्डकॉटन डे के रूप में संयुक्त राष्ट्र से मान्यता प्राप्त करने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। कपास की खेती पूरे विश्व में होती है और एक टन कपास से औसत पांच लोगों को पूरे वर्ष भर रोजगार प्राप्त होता है। कपास सूखारोधी फसल है। विश्व के केवल 2.1 प्रतिशत कृषि योग्य भूमि में कपास की खेती होती है, लेकिन यह विश्व की वस्त्र जरूरतों के 27 प्रतिशत को पूरा करती है। वर्ल्डकॉटन डे ऐसा अवसर प्रदान करता है जिसके तहत निजी क्षेत्र और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय ज्ञान का आदान-प्रदान कर सकते है तथा कपास/वस्त्र संबंधी उत्पादों का प्रदर्शन कर सकते है।

विश्व के विभिन्न हिस्सों में प्रचलित सूती वस्त्र फैशन का प्रदर्शन करने के लिए एक फैशन समारोह भी आयोजित किया जाएगा। इस फैशन समारोह का फोकस अफ्रीका होगा। कपास/सूती वस्त्र पर एक प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाएगा। इस प्रदर्शनी में हथकरघा वस्त्र संवर्धन परिषद (एचईपीसी), भारतीय कपास निगम (सीसीआई), टैक्सप्रोसिल तथा राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट) भी अपने स्टॉल लगाएंगे। महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के अवसर पर कपास से बने महात्मा गांधी की एक प्रतिमा का भी प्रदर्शन किया जाएगा। भारतीय कपास निगम तमिलनाडु के सुविन कपास, धारवाड़ के प्रकृतिक रंगयुक्त कपास तथा गहरे भूरे, हल्के भूरे, हरे तथा क्रीम रंगों के कपास का प्रदर्शन करेगा।

सड़कों पर उतरेंगे राहुल, 10 दिन में झोंक देंगे पूरी ताकत

» विधानसभा चुनाव 2019

नईदिल्ली (आरएनएस)। महाराष्ट्र और हरियाणा में होने जा रहे विधानसभा चुनावों को लेकर कांग्रेस ने भी अब कमर कस ली है. इसी क्रम में अब खबर है कि राहुल गांधी भी दोनों राज्यों में पार्टी के प्रचार के लिए पहुंचेंगे और रोड शो व रैलियों में हिस्सा लेंगे. जानकारी के अनुसार राहुल गांधी महाराष्ट्र और हरियाणा में 10 से लेकर 19 अक्टूबर के बीच प्रचार अभियान में जुड़ेंगे. इस दौरान राहुल का

पूरा जोर उन इलाकों में रहेगा जहां पर पिछले चुनावों में पार्टी का खराब प्रदर्शन रहा था. साथ ही कांग्रेस के कई अन्य स्टार प्रचारक भी इस दौरान राहुल गांधी के साथ रैलियों में हिस्सा लेंगे.

कांग्रेस ने गुरुवार को अपनी दूसरी सूची जारी की थी. इस सूची में बाकी 6 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की. इससे पहले बुधावार की देर रात कांग्रेस ने 84 उम्मीदवारों के नामों की पहली लिस्ट जारी कर दी थी. कांग्रेस ने इस लिस्ट में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा को गढ़ी सांपला-किलोई, रणदीप सुरजेवाला को कैथल, कुलदीप बिश्नोई को आदमपुर और किरण चौधरी को तोशाम से टिकट दिया है. कांग्रेस द्वारा जारी दूसरी लिस्ट में रादौर से बिशन लाल सैनी, फतेहाबाद से प्रलहाद सिंह, अंबाला कैंट से वेनू सिंगला अग्रवाल, बरवाला से भूपेंद्र गंगौर, असंध से शमशेर सिंह विर्क और लाडवा से मेवा सिंह को उम्मीदवार बनाया है.

वहीं गुरुवार को ही कांग्रेस ने महाराष्ट्र में 19 उम्मीदवारों के नामों की चौथी लिस्ट जारी कर दी है. इससे पहले कांग्रेस ने 51, 52 और 20 उम्मीदवारों की तीन लिस्ट जारी की थी. कांग्रेस अब तक कुल 142 उम्मीदवारों की सूची जारी कर चुकी है.

हमारा लक्ष्य आत्मनिर्भर होने के साथ-साथ आयात पर कम निर्भर हो:राजनाथ

नईदिल्ली (आरएनएस)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा विनिर्माण में निजी क्षेत्र की और अधिक सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया है, ताकि वर्ष 2025 तक 26 अरब डॉलर का भारतीय रक्षा उद्योग सुनिश्चित करने के सरकारी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। राजनाथ सिंह आज नई दिल्ली में 22वें इंडिया इंटरनेशनल सिक्योरिटी एक्सपो 2019 (रक्षा एवं मातृभूमि सुरक्षा) के अवसर पर उद्योग जगत की हस्तियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने समावेशी विकास के साथ-साथ वर्ष 2025 तक भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के सरकारी लक्ष्य की फिर से पुष्टि की। उन्होंने यह भी कहा कि रक्षा क्षेत्र इस लक्ष्य की

प्राप्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। सिंह ने कहा, 'हमारा लक्ष्य एक ऐसा विश्वस्तरीय घरेलू रक्षा उद्योग बनाना है जो आत्मनिर्भर होने के साथ-साथ आयात पर कम निर्भर हो।'

उन्होंने विशेष बल देते हुए कहा कि 'न्यूनतम सरकार और अधिकतम शासन' की मौजूदा व्यवस्था में सरकार एक सुविधाप्रदाता की भूमिका निभाती है तथा उद्योग का कर्तव्य है कि वह मिल-जुलकर काम करे, ताकि 'नये एवं मजबूत भारत' के विज़न को साकार किया जा सके। उन्होंने उम्मीद जताई कि औद्योगिक साझेदार ठोस निवेश करने के साथ-साथ रक्षा से संबंधित प्रभावकारी तकनीकी प्रस्ताव पेश करेंगे और इसके

जेल में बंद इंद्राणी और पीटर मुखर्जी के तलाक को फैमिली कोर्ट की मंजूरी

मुंबई (आरएनएस)। शीना बोरा हत्या के मामले में जेल में बंद मुख्य आरोपी इंद्राणी मुखर्जी का उनके पति पीटर मुखर्जी से तलाक हो गया है. मुंबई की फैमिली कोर्ट ने दोनों की आपसी रजामंदी के बाद तलाक को मंजूरी दे दी है. बताया जाता है कि जानवरी 2017 में इंद्राणी मुखर्जी ने पीटर मुखर्जी से तलाक लेने की अर्जी दाखिल की थी. बताया जाता है कि इंद्राणी मुखर्जी ने अप्रैल में पीटर मुखर्जी को तलाक के लिए नोटिस भेजा था. कोर्ट में मामला आने के बाद सितंबर 2018 में दोनों ने कोर्ट के सामने तलाक के लिए हामी भरी भी. गुरुवार को दोनों पुलिस वैन से कोर्ट पहुंचे थे. मुंबई की फैमिली कोर्ट ने दोनों को सुलह-समझौता करने के लिए छह माह का समय भी दिया था. हालांकि, समय

बीतने के बाद भी दोनों ने अलग होने की बात कही. कोर्ट ने दोनों से बात करने के बाद उनके तलाक को मंजूरी दे दी. फैमिली कोर्ट में एडवोकेट सुष्मिता नायर ने पीटर मुखर्जी की पैरवी की. एडवोकेट सुष्मिता नायर ने बताया कि पीटर मुखर्जी काफी समय से बीमार चल रहे थे, जिसके कारण तलाक की प्रक्रिया को आगे नहीं बढ़ाया जा सका था. पीटर मुखर्जी के दोबारा स्वस्थ होने के बाद उनके तलाक को मंजूरी मिल गई है. पीटर मुखर्जी और इंद्राणी मुखर्जी की शादी साल 2002 में हुई थी.

गोयल, हर्षवर्धन व हरसिमरत ने 'सरबत दा भला एक्सप्रेस' ट्रेन को दिखाई हरी झंडी

नईदिल्ली (आरएनएस)। गुरू नानक देवजी की 550वीं जयंती के अवसर पर भारतीय रेल वर्ष भर के समारोह के माध्यम से गुरू नानक देवजी को श्रद्धासुमन अर्पित कर रहा है। विरासत शहर सुलतानपुर लोधी के रेलवे स्टेशन को आधुनिक सुविधाओं के साथ उन्नत बनाया जा रहा है। गुरू नानक देवजी ने सुलतानपुर लोधी में ही ज्ञान प्राप्त किया था। इस सिलसिले में रेल और वाणिज्य तथा उद्योग मंत्री पीयूष गोयल, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, विज्ञान और टेक्नोलॉजी तथा पृथ्वी विज्ञान मंत्री डॉ. हर्षवर्धन, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री हरसिमरत कौर बादल तथा

अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने गाड़ी संख्या 12037/12038 नई दिल्ली-लुधियाना इंटरसिटी एक्सप्रेस को नई संख्या और नाम (22479/22480 सरबत-द-भला एक्सप्रेस) को शुक्रवार को नई दिल्ली स्टेशन से झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह रेल गाड़ी जालंधर होते हुए लोहियान खास तक जाएगी। इस अवसर पर रेल बोर्ड के सदस्य उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक तथा वरिष्ठ रेल अधिकारी उपस्थित थे।

इस अवसर रेल और उद्योग तथा वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि नई ट्रेन गुरू नानक देवजी की 550वीं जयंती (प्रकाश पर्व) के अवसर पर सुलतानपुर लोधी जाने वाले सिख तीर्थयात्रियों को सेवा प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि हमें अपने जीवन में गुरू नानक देवजी की शिक्षाओं का अनुसरण करना चाहिए। यह भारतीय रेल का महत्वपूर्ण कदम है, क्योंकि सुलतानपुर लोधी जाने वाले तीर्थयात्रियों को कनेक्टिविटी प्रदान की जाएगी। कल यानी 03 अक्तूबर को दूसरी वंदे भारत एक्सप्रेस गाड़ी झंडी दिखाकर रवाना की गई। यह गाड़ी माता वैष्णो देवी जाने वाले तीर्थयात्रियों को कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। उन्होंने इस अवसर पर सभी अतिथियों को बधाई दी।

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री हरसिमरत कौर बादल ने कहा कि मैं रेल तथा वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल का सुलतानपुर लोधी के लिए नई रेल गाड़ी प्रदान करने के लिए आभारी हूं। उन्होंने कहा कि गुरू नानक देवजी ने अपने जीवन के 14 वर्ष यहीं बिताए थे और रेल गाड़ी का नाम सरबत-द-भला है, जिसका अर्थ सभी के लिए भलाई है। रेल गाड़ी का नाम गुरू नानक देवजी की शिक्षा को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि रेल मंत्री ने सुलतानपुर लोधी रेलवे स्टेशन को उन्नत बनाने की मंजूरी दी है तथा नांदेड़, पटना साहिब जैसे महत्वपूर्ण सिख धार्मिक स्थलों को सुलतानपुर लोधी से जोड़ा है।

महत्वपूर्ण एवं खास

केंद्र की कार्रवाई से कश्मीर बच्चे स्कूलों से दूर : प्रियंका

नईदिल्ली (आरएनएस)। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने केंद्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार की यह कहते हुए खिंचायी की कि कश्मीर में उसकी कार्रवाईयों से घाटी के बच्चे करीब दो महीने से अपने स्कूलों से दूर हो गए हैं। श्रीमती वाड्रा ने कहा कि सरकार एक तरफ विकास की बात करती है और दूसरी ओर उसकी कार्रवाई से कश्मीर घाटी के बच्चे गत दो महीने से स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। उन्होंने ट्वीट कर कहा कहा, च्च कश्मीर में करीब दो महीने से बंद के कारण अनेकों बच्चे प्रभावित हुए हैं। सरकार विकास की बात तो करती है , लेकिन बच्चे अपने स्कूलों से ही दूर हैं।ज्ज उन्होंने ट्वीट में एक न्यूज रिपोर्ट भी साझा किया है , जिसमें कहा गया है कि कश्मीर के बच्चे स्कूलों से दूर हैं और दोस्तों से कटे हैं।

चिदम्बरम की जमानत याचिका पर सीबीआई को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

नईदिल्ली (आरएनएस)। उच्चतम न्यायालय ने आईएनएक्स मीडिया भ्रष्टाचार मामले में पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदम्बरम की जनमत याचिका पर आज केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जवाब तलब किया। न्यायमूर्ति आर भानुमति की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने चिदम्बरम की जमानत याचिका की सुनवाई के दौरान सीबीआई को नोटिस जारी करके जवाबी हलफनामा दायर करने का निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई 15 अक्टूबर को होगी। चिदम्बरम की न्यायिक हिरासत 17 अक्टूबर को समाप्त होगी। दिल्ली उच्च न्यायालय ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी, जिसके बाद उन्होंने शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया है।

सिक्किम और तेलंगाना में उपचुनाव हेतु दो विशेष व्यय पर्यवेक्षक नियुक्त

नईदिल्ली (आरएनएस)। निर्वाचन आयोग ने संविधान के अनुच्छेद-324 तथा जनप्रतिनिधित्व कानून की धारा 20बी के तहत प्रदत्त अधिकारों का इस्तेमाल करते हुए तेलंगाना और सिक्किम में विधानसभा की दो सीटों के लिए होने वाले उपचुनाव के लिए आज दो विशेष व्यय पर्यवेक्षक नियुक्त किए हैं। ये पर्यवेक्षक -भारतीय राजस्व सेवा (1983) के सेवा निवृत्त अधिकारी बी आर बालकृष्णन और भारतीय राजस्व सेवा के (1988) बैच के अधिकारी सुरेश कुमार हैं। विशेष पर्यवेक्षक चुनाव मशीनरी के कामकाज की निगरानी करेंगे और ई-विजिल के जरिये मिली शिकायतों और खुफिया जानकारियों पर सख्त और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

हज 2020 के लिए आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ 10 से

» भारतीय मुसलमान देश के 22 स्थानों से हज यात्रा पर जाएंगे

नईदिल्ली (आरएनएस)। केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने शुक्रवार कोहज 2020 की घोषणा करते हुए कहा कि 10 अक्टूबर से हज के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी जो 10 नवम्बर तक चलेगी। उन्होंने हज 2019 के पूरा होने एवं अगले हज की तैयारियों के लिए समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। नकवी ने कहा कि इस बार हज प्रक्रिया शत प्रतिशत ऑनलाइन/डिजिटल होगी। सभी हज यात्रियों को ई-वीजा की सुविधा दी गयी है। मोबाइल ऐप के जरिये भी हज के लिए आवेदन किया जा सकता है। समीक्षा बैठक में अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के सचिव शैलेश, अतिरिक्त सचिव एस.के. देव बर्मन, संयुक्त सचिव-हज जान-ए-आलम, सऊदी अरब में भारत के राजदूत औसफ सईद, हज कमिटी ऑफ़ इंडिया के अध्यक्ष शेख जिन्ना नबी, हज कमिटी के सीईओ एम.ए. खान, जेद्दाह में भारत के कौंसल जनरल मोहम्मद नूर रहमान शेख के अलावा अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, विदेश मंत्रालय, नागरिक उड्डयन मंत्रालय तथा स्वास्थ्य मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।